**SET – 1**

**Series : HMJ/5**

कोड नं.
Code No. **67/5/1**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

| | नोट | | NOTE |
|---|---|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 31 हैं । | (I) | Please check that this question paper contains **31** printed pages. |
| (II) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । | (II) | Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **32** प्रश्न हैं । | (III) | Please check that this question paper contains **32** questions. |
| (IV) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।** | (IV) | **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it.** |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका में कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । | (V) | 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

# लेखाशास्त्र

# ACCOUNTANCY

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks : 80*



Previous Pathshala

**सामान्य निर्देश :**

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए :

(i) *प्रश्न-पत्र **दो** भागों में विभाजित हैं – भाग-क एवं भाग-ख ।*

*प्रश्न-पत्र में **32** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

(ii) ***खण्ड-क** सभी परीक्षार्थियों के लिए अनिवार्य है ।*

(iii) ***खण्ड-ख** में दो विकल्प दिए गए हैं – वित्तीय विवरणों का विश्लेषण तथा अभिकलित्र लेखांकन ।* ***खण्ड-ख** में से किसी **एक** विकल्प के प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

(iv) *चयनित विकल्प के प्रश्नों का उत्तर आरम्भ करने से पूर्व उत्तर-पुस्तिका पर चयन किए गए विकल्प का शीर्षक अवश्य लिखें ।*

(v) *प्रश्न संख्या **1** से **13** तथा प्रश्न संख्या **23** से **29** तक अति-लघुउत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

(vi) *प्रश्न संख्या **14** तथा **30** लघुउत्तरीय प्रकार-**1** के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **3** अंक का है ।*

(vii) *प्रश्न संख्या **15** से **18** तथा **31** लघुउत्तरीय प्रकार-**2** के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **4** अंक का है ।*

(viii) *प्रश्न संख्या **19** से **20** तथा **32** दीर्घउत्तरीय प्रकार-**1** के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **6** अंक का है ।*

(ix) *प्रश्न संख्या **21** से **22** दीर्घउत्तरीय प्रकार-**2** के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **8** अंक का है ।*

(x) *उत्तर संक्षिप्त तथा बिंदुवार होना चाहिए । किसी भाग के सभी प्रश्नों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखे जाने चाहिए ।*

(xi) *कोई समग्र विकल्प नहीं है । हालांकि तीन-तीन अंकों वाले **2** प्रश्नों में, चार-चार अंकों वाले **2** प्रश्नों में, छः-छः अंकों वाले **1** प्रश्न में और आठ-आठ अंक वाले **2** प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिया गया हैं । **आपको ऐसे प्रश्नों में से केवल एक विकल्प का ही उत्तर देना है ।***

(xii) *इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खंड और प्रश्न के साथ अलग-अलग यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*



Previous Pathshala

## General Instructions :

**Read the following instructions very carefully and strictly follow them :**

(i) *This question paper comprises **two** PARTS – **A** and **B**. There are 32 questions in the question paper. **All** questions are compulsory.*

(ii) ***Part - A** is compulsory for all candidates.*

(iii) ***Part - B** has **two** options i.e. (i) Analysis of Financial Statement and (ii) Computerized Accounting. You have to attempt only **one** of the given OPTIONS.*

(iv) *Heading of the option opted must be written on the Answer-Book before attempting the questions of that particular OPTION.*

(v) *Question number **1** to **13** and **23** to **29** are very short answer type questions carrying **1** mark each.*

(vi) *Question number **14** and **30** are short answer type-I questions carrying **3** marks each.*

(vii) *Question number **15** to **18** and **31** are short answer type-II questions carrying **4** marks each.*

(viii) *Question number **19** to **20** and **32** are also long answer type-I questions carrying **6** marks each.*

(ix) *Question number **21** and **22** are long answer type-II questions carrying 8 marks each.*

(x) *Answer should be brief and to the point. The answer of each part should be written at one place.*

(xi) *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in **2** questions of three marks, **2** questions of four marks, **1** question of six marks and **2** questions of eight marks. You have to **attempt only one of the choices** in such questions.*

(xii) *However, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.*



Previous Pathshala

## भाग – क

### (अलाभकारी संगठनों, साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

1. दिशा तथा आभा एक फर्म के साझेदार थे । फर्म के लाभ में 1/5 भाग के लिए फरद को एक नया साझेदार बनाया गया । फरद अनुपातिक पूँजी लाया । सभी समायोजनों के पश्चात दिशा तथा आभा की पूँजी क्रमशः ₹ 64,000 तथा ₹ 46,000 थी । फरद द्वारा लाई गई पूँजी थी :

   (a) ₹ 22,000 (b) ₹ 27,500 (c) ₹ 55,000 (d) ₹ 28,000 **1**

2. निम्न में से कौन सी पूँजीगत प्राप्ति नहीं है ?

   (a) खेलकूद-प्रतियोगिता के लिए दान (b) भवन कोष के लिए दान

   (c) आजीवन सदस्यता शुल्क (d) प्रवेश शुल्क **1**

3. अधिकृत पूँजी का क्या अर्थ है ? **1**

4. सौरभ, शीरीन तथा सोमेश एक फर्म के साझेदार हैं तथा 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते हैं । सोमेश ने अवकाश ग्रहण कर लिया तथा सौरभ एवं शीरीन के मध्य नया लाभ अनुपात 3 : 2 है । सौरभ तथा शीरीन के मध्य अधिलाभ अनुपात होगा :

   (a) 3 : 2 (b) 3 : 1 (c) 1 : 1 (d) 2 : 1 **1**

5. मोहित तथा रोहित एक फर्म के साझेदार थे तथा उनकी पूँजी क्रमश ₹ 80,000 तथा ₹ 40,000 थी । वर्ष में फर्म ने ₹ 30,000 का लाभ अर्जित किया । लाभ में मोहित का भाग होगा :

   (a) ₹ 20,000 (b) ₹ 10,000 (c) ₹ 15,000 (d) ₹ 18,000 **1**

6. एक साझेदार के अवकाश ग्रहण करने पर सम्पत्तियों तथा देयताओं के पुनर्मूल्यांकन पर लाभ अथवा हानि का बँटवारा ________ साझेदारों के मध्य ________ अनुपात में किया जाएगा । **1**

7. वन्या लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 20,000 समता अंशों का ₹ 40 प्रत्येक की प्रथम तथा अंतिम माँग का भुगतान नहीं करने पर हरण कर लिया । अधिकतम बट्टा जिस पर इन अंशों का पुनःनिर्गमन किया जा सकता है, होगा :

   (a) ₹ 8,00,000 (b) ₹ 12,00,000 (c) ₹ 20,00,000 (d) ₹ 20,000 **1**

8. __________ का अर्थ है एक कम्पनी द्वारा एक विशिष्ट समूह के व्यक्तियों को पब्लिक ऑफर के तरीके के अतिरिक्त प्रतिभूतियों का प्रस्ताव । **1**



Previous Pathshala

## PART – A

### (Accounting for Not-For-Profit-Organisations, Partnership Firms and Companies)

1. Disha and Abha were partners in a firm. Farad was admitted as a new partner for 1/5th share in the profits of the firm. Farad brought proportionate capital. Capitals of Disha and Abha after all adjustments were ₹ 64,000 and ₹ 46,000 respectively. Capital brought by Farad was :
   (a) ₹ 22,000 (b) ₹ 27,500 (c) ₹ 55,000 (d) ₹ 28,000 **1**

2. Which of the following is not a capital receipt ?
   (a) Donations for tournament (b) Donations for building fund
   (c) Life membership fee (d) Entrance fees **1**

3. What is meant by 'Authorised Capital' ? **1**

4. Saurabh, Shirin and Somesh are partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3:2:1. Somesh retires and the new profit sharing ratio between Saurabh and Shirin is 3:2. The gaining ratio between Saurabh and Shirin will be :
   (a) 3:2 (b) 3:1 (c) 1:1 (d) 2:1 **1**

5. Mohit and Rohit were partners in a firm with capitals of ₹ 80,000 and ₹ 40,000 respectively. The firm earned a profit of ₹ 30,000 during the year. Mohit's share in the profit will be :
   (a) ₹ 20,000 (b) ₹ 10,000 (c) ₹ 15,000 (d) ₹ 18,000 **1**

6. In case of retirement of a partner, profit or loss on revaluation of assets and re-assessment of liabilities is distributed among _______ partners in _______ ratio. **1**

7. Vanya Ltd. forfeited 20,000 equity shares of ₹ 100 each for non-payment of first and final call of ₹ 40 per share. The maximum amount of discount at which these shares can be re-issued will be :
   (a) ₹ 8,00,000 (b) ₹ 12,00,000 (c) ₹ 20,00,000 (d) ₹ 20,000 **1**

8. _________ means any offer of securities to a select group of persons by a company other than by way of public offer. **1**



Previous Pathshala

9. शाही लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 11% 8,000 ऋणपत्रों को 10% के प्रीमियम पर शोधन करने का निर्णय लिया । ऋणपत्र शोधन संचय में स्थानांतरित की जाने वाली न्यूनतम राशि होगी :

(a) ₹ 8,00,000 (b) ₹ 4,00,000 (c) ₹ 2,00,000 (d) ₹ 2,20,000 **1**

10. निम्न में से किसका परिणाम फर्म के पुनर्गठन में नहीं होता है ?

(a) साझेदारी फर्म का विघटन

(b) साझेदारी का विघटन

(c) वर्तमान सदस्यों के लाभ अनुपात में बदलाव

(d) साझेदार का देहान्त **1**

11. जयपुर क्लब के पास ₹ 6,00,000 का पुरस्कार कोष है । इसने पुरस्कारों पर ₹ 5,20,000 व्यय किए । व्ययों को :

(a) आय-व्यय खाते में डेबिट किया जाना चाहिए ।

(b) स्थिति विवरण की सम्पत्तियों में प्रदर्शित किया जाना चाहिए ।

(c) आय-व्यय खाते में डेबिट तथा स्थिति विवरण की सम्पत्तियों में प्रदर्शित किया जाना चाहिए ।

(d) स्थिति विवरण के देयता पक्ष में पुरस्कार कोष से घटाना चाहिए । **1**

12. ________ के द्वारा निर्गमित ऋणपत्रों के लिए ऋणपत्र शोधन कोष की आवश्यकता नहीं पड़ती ।

(a) उत्पादन कम्पनियों

(b) आधारभूत ढाँचा कम्पनियों

(c) बैंकिंग कम्पनियों

(d) व्यापारिक कम्पनियों **1**

13. अयाचित पूँजी का भाग जिसकी माँग केवल कम्पनी के विघटन के समय की जाती है ________ कहलाता है । **1**

14. कबीर तथा फरीद एक फर्म के साझेदार हैं तथा 3 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते हैं । 1-4-2019 को उन्होंने फर्म के लाभ में ¼ भाग के लिए माणिक को एक नया साझेदार बनाया । माणिक ख्याति प्रीमियम का अपना भाग नगद लाया । फर्म की ख्याति का मूल्यांकन पिछले तीन वर्षों के औसत लाभ के दो गुना पर किया गया । पिछले तीन वर्षों का लाभ था :

| | | |
|---|---|---|
| 2016-17 | ₹ | 90,000 |
| 2017-18 | ₹ | 1,30,000 |
| 2018-19 | ₹ | 86,000 |

वर्ष 2018-19 में आग से ₹ 20,000 की हानि हुई जिसका लेखा लाभ की गणना में नहीं किया गया था । ख्याति की गणना कीजिए तथा इसके लेखांकन के लिए आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । **3**

**अथवा**



Previous Pathshala

9. Shahi Ltd. decided to redeem its 8,000, 11% debentures of ₹ 100 each at a premium of 10%. The minimum amount transferred to debenture redemption reserve will be :
(a) ₹ 8,00,000 (b) ₹ 4,00,000 (c) ₹ 2,00,000 (d) ₹ 2,20,000 **1**

10. Which of the following does not result into reconstitution of a firm ?
(a) Dissolution of partnership firm.
(b) Dissolution of partnership.
(c) Change in profit-sharing-ratio of existing partners.
(d) Death of partner. **1**

11. Jaipur Club has a prize fund of ₹ 6,00,000. It incurs expenses on prizes amounting to ₹ 5,20,000. The expenses should be
(a) debited to income and expenditure account.
(b) presented on the asset side of the balance sheet.
(c) debited to income and expenditure account and presented on the asset side of the balance sheet.
(d) deducted from the prize fund on the liability side of the balance sheet. **1**

12. No debenture redemption reserve is required for debentures issued by :
(a) manufacturing companies (b) infrastructure companies
(c) banking companies (d) trading companies **1**

13. The portion of uncalled capital to be called only in the event of winding up of the company is called __________. **1**

14. Kabir and Farid are partners in a firm sharing profits in the ratio of 3:1 on 1-4-2019 they admitted Manik into partnership for 1/4th share in the profits of the firm. Manik brought his share of goodwill premium in cash. Goodwill of the firm was valued on the basis of 2 years purchase of last three years average profits. The profits of last three years were :

| | |
|---|---|
| 2016-17 | ₹ 90,000 |
| 2017-18 | ₹ 1,30,000 |
| 2018-19 | ₹ 86,000 |

During the year 2018-19 there was a loss of ₹ 20,000 due to fire which was not accounted for while calculating the profit.
Calculate the value of goodwill and pass the necessary journal entries for the treatment of goodwill. **3**

**OR**



Previous Pathshala

राका, सीमा तथा महेश साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ–हानि बाँटते थे । 1 अप्रैल, 2019 से आरम्भ करके उन्होंने लाभ 2 : 2 : 1 के अनुपात में बाँटने का आपसी समझौता किया । उस तिथि पर फर्म की पुस्तकों में ₹ 90,000 का कर्मचारी क्षतिपूर्ति कोष था । यह सहमति हुई कि :

(i) ख्याति का मूल्यांकन ₹ 70,000 किया जाये ।

(ii) कर्मचारी क्षतिपूर्ति का ₹ 40,000 का दावा था ।

(iii) सम्पत्तियों तथा देयताओं के पुनर्मूल्यांकन पर लाभ ₹ 40,000 था ।

उपरोक्त लेनदेनों के लिए फर्म की पुस्तकों ने आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । **3**

15. एक अलाभकारी संगठन के 31-3-2019 को समाप्त हुए वर्ष के लिए आय एवं व्यय खाता तथा स्थिति विवरण तैयार करते समय निम्न मदों का लेखा कैसे किया जाएगा ?

| | **1-4-2018** (₹) | **31-3-2019** (₹) |
|---|---|---|
| खेलकूद सामग्री के लिए लेनदार | 18,000 | 41,000 |
| खेलकूद सामग्री का स्टॉक | 27,000 | 38,000 |

वर्ष 2018-19 के दौरान खेलकूद सामग्री के देनदारों को ₹ 5,23,000 का भुगतान किया गया । **4**

**अथवा**

ग्लोरीयस क्लब के निम्नलिखित विवरणों से 31 मार्च, 2019 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए प्राप्ति एवं भुगतान खाता तैयार कीजिए :

| **विवरण** | **राशि (₹)** |
|---|---|
| रोकड़ का आरम्भिक शेष | 16,000 |
| चंदा (वर्ष 2017-18 के ₹ 13,000 सम्मिलित हैं ।) | 93,000 |
| निवेश का क्रय | 35,000 |
| रखरखाव व्यय | 15,000 |
| लॉकर किराया | 40,000 |
| आजीवन सदस्यता शुल्क | 85,000 |
| बीमा प्रीमियम | 6,000 |

**4**



Previous Pathshala

Raka, Seema and Mahesh were partners sharing profits and losses in the ratio of 5:3:2. With effect from 1st April, 2019, they mutually agreed to share profits and losses in the ratio of 2:2:1.

On that date, there was a workmen's compensation fund of ₹ 90,000 in the books of the firm. It was agreed that :

(i) Goodwill of the firm be valued at ₹ 70,000.

(ii) Claim for workmen's compensation amounted to ₹ 40,000.

(iii) Profit on revaluation of assets and re-assessment of liabilities amounted to ₹ 40,000.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of the firm. **3**

15. How will the following items be treated while preparing the Income and Expenditure Account and Balance Sheet of a Not-for-profit-organization for the year ended 31st March, 2019 ?

| | As at 1-4-2018 (₹) | As at 31-3-2019 (₹) |
|---|---|---|
| Creditors for sports materials | 18,000 | 41,000 |
| Stock of sports materials | 27,000 | 38,000 |

During 2018-19 the payment made to creditors for sports material was ₹ 5,23,000. **4**

**OR**

From the following particulars of Glorious Club, prepare Receipts and Payments Account for the year ended 31st March, 2019.

| **Particulars** | **Amount (₹)** |
|---|---|
| Opening balance of cash | 16,000 |
| Subscriptions (including ₹ 13,000 for 2017-18) | 93,000 |
| Investments purchased | 35,000 |
| Maintenance expenses | 15,000 |
| Locker rent | 40,000 |
| Life membership fees | 85,000 |
| Insurance premium | 6,000 |

**4**



Previous Pathshala

16. पुनीत तथा अक्षरा एक फर्म के साझेदार थे तथा 2 : 3 के अनुपात में लाभ–हानि बाँटते थे । 31 मार्च, 2019 को फर्म का स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

**31 मार्च, 2019 को पुनीत तथा अक्षरा का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | राशि (₹) | सम्पत्तियाँ | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| पूँजी : | | विभिन्न सम्पत्तियाँ | 2,00,000 |
| पुनीत 90,000 | | | |
| अक्षरा 1,10,000 | 2,00,000 | | |
| | **2,00,000** | | **2,00,000** |

31 मार्च, 2019 वर्षांत के लाभ ₹ 40,000 का बँटवारा साझेदारों के मध्य पूँजी पर 5% वार्षिक दर से ब्याज तथा अक्षरा को ₹ 1,000 प्रति त्रैमासिक की दर से कमीशन दिए बिना कर दिया गया ।

वर्ष में साझेदारों के आहरण थे :

पुनीत ₹ 2,500 प्रति मास

अक्षरा ₹ 10,000 प्रति त्रैमासिक

अपने कार्य को स्पष्ट दर्शाते हुए फर्म की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टि कीजिए । 4

17. कीथ, बीना तथा वीना एक फर्म के साझेदार थे तथा लाभ–हानि बराबर बाँटते थे । 31-3-2019 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

**31-3-2019 को कीथ, बीना तथा वीना का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | राशि (₹) | सम्पत्तियाँ | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| पूँजी : | | संयंत्र तथा मशीनरी | 2,40,000 |
| कीथ 1,50,000 | | स्टॉक | 60,000 |
| बीना 1,00,000 | | विभिन्न देनदार | 35,000 |
| वीना 75,000 | 3,25,000 | बैंक में रोकड़ | 50,000 |
| सामान्य संचय | 30,000 | | |
| विभिन्न लेनदार | 30,000 | | |
| | **3,85,000** | | **3,85,000** |

30 जून, 2019 को वीना का देहान्त हो गया । साझेदारी संलेख के अनुसार मृत साझेदार के निष्पादकों को निम्न देय था :

(a) पूँजी खाते का शेष

(b) मृत्यु की तिथि तक ₹ 25,000 वार्षिक दर से वेतन ।



Previous Pathshala

16. Puneet and Akshara were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2:3. The following was the balance sheet of the firm as on 31st March, 2019.

**Balance sheet of Puneet and Akshara as on 31st March, 2019.**

| Liabilities | Amount (₹) | Assets | Amount (₹) |
|---|---|---|---|
| Capitals : | | Sundry Assets | 2,00,000 |
| Puneet 90,000 | | | |
| Akshara 1,10,000 | 2,00,000 | | |
| | **2,00,000** | | **2,00,000** |

The profits ₹ 40,000 for the year ended 31st March, 2019 were divided between the partners without allowing interest on capital @ 5% p.a. and commission to Akshara @ ₹ 1,000 per quarter.

The drawings of the partners during the year were :

Puneet ₹ 2,500 per month.

Akshara ₹ 10,000 per quarter.

Showing your workings clearly, pass necessary adjustment entry in the books of the firm. **4**

17. Keith, Bina and Veena were partners in a firm sharing profits and losses equally. Their balance sheet as on 31-3-2019 was as follows :

**Balance Sheet of Keith, Bina and Veena as on 31-3-2019**

| Liabilities | Amount (₹) | Assets | Amount (₹) |
|---|---|---|---|
| Capitals : | | Plant and Machinery | 2,40,000 |
| Keith 1,50,000 | | Stock | 60,000 |
| Bina 1,00,000 | | Sundry debtors | 35,000 |
| Veena 75,000 | 3,25,000 | Cash at bank | 50,000 |
| General Reserve | 30,000 | | |
| Sundry creditors | 30,000 | | |
| | **3,85,000** | | **3,85,000** |

Veena died on 30th June, 2019. According to the partnership deed, the executors of the deceased partner were entitled to :

(a) Balance in capital account

(b) Salary till the date of death @ ₹ 25,000 per annum.



Previous Pathshala

(c) ख्याति में भाग जिसकी गणना पिछले तीन वर्षों के औसत लाभ के दो गुने पर की जाएगी ।

(d) पिछले वर्ष की समाप्ति से उसकी मृत्यु की तिथि तक लाभ में भाग जिसकी गणना मृत्यु से पूर्व के तीन वर्षों के औसत लाभ के आधार पर की जाएगी ।

(e) वर्ष 2016-17, 2017-18 तथा 2018-19 का लाभ क्रमशः ₹ 1,20,000, ₹ 90,000 तथा ₹ 1,50,000 था ।

1 जून, 2019 को वीना ने अपनी पुत्री की स्कूल फीस के लिए ₹ 15,000 का आहरण किया ।

उसके निष्पादकों को प्रस्तुत करने के लिए वीना का पूँजी खाता तैयार कीजिए । **4**

18. 31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष के लिए शाइन क्लब के दिए गए प्राप्ति एवं भुगतान खाते तथा अतिरिक्त सूचना से, 31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष के लिए आय एवं व्यय खाता तैयार कीजिए :

**31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष के लिए शाइन क्लब का प्राप्ति एवं भुगतान खाता**

| प्राप्तियाँ | | राशि (₹) | भुगतान | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| शेष नीचे लाए | | 50,000 | फर्नीचर तथा उपकरण | 1,22,000 |
| दान | | 45,000 | वेतन | 32,000 |
| **चन्दा :** | | | शेष नीचे ले गए | 13,400 |
| 2017-18 | 1,600 | | | |
| 2018-19 | 60,000 | | | |
| 2019-20 | 5,000 | 66,600 | | |
| प्राप्त ब्याज | | 5,800 | | |
| | | **1,67,400** | | **1,67,400** |

**अतिरिक्त सूचना :**

(i) फर्नीचर तथा उपकरणों का क्रय 1-10-2018 को किया गया । फर्नीचर तथा उपकरणों पर 10% वार्षिक दर से मूल्यह्रास लगाना था ।

(ii) 2018-2019 वर्ष के लिए अदत्त चन्दा ₹ 2,000 था ।

(iii) अदत्त वेतन ₹ 6,000 था । **4**



Previous Pathshala

(c) Share of goodwill calculated on the basis of twice the average profits of past three years.

(d) Share of profit from the closure of the last accounting year till the date of death on the basis of average of three completed years profits before death.

(e) Profits for 2016-17, 2017-18 and 2018-19 were ₹ 1,20,000, ₹ 90,000 and ₹ 1,50,000 respectively.

Veena withdrew ₹ 15,000 on 1st June, 2019 for paying her daughter's school fees.

Prepare Veena's capital account to be rendered to her executors. 4

18. From the given Receipts and Payments Account and additional information of Shine Club for the year ended 31st March, 2019, prepare Income and Expenditure Account for the year ended 31st March, 2019.

**Receipts and Payments Account of Shine Club for the year ended 31st March, 2019**

| Receipts | Amount (₹) | Payments | Amount (₹) |
|---|---|---|---|
| To balance b/d | 50,000 | By Furniture & equipments | 1,22,000 |
| To donations | 45,000 | By Salaries | 32,000 |
| To subscriptions : | | By balance c/d | 13,400 |
| 2017-18 1,600 | | | |
| 2018-19 60,000 | | | |
| 2019-20 5,000 | 66,600 | | |
| To interest received | 5,800 | | |
| | **1,67,400** | | **1,67,400** |

**Additional Information :**

(i) Furniture and equipments were purchased on 1-10-2018. Depreciation @ 10% p.a. was to be provided on furniture and equipments.

(ii) Subscriptions in arrears for the year 2018-19 were ₹ 2,000

(iii) Outstanding salary ₹ 6,000. 4



Previous Pathshala

19. नियति, कार्तिक तथा रतिक एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ–हानि बाँटते थे। 31 मार्च, 2019 को न्यायालय के आदेश से फर्म का विघटन हो गया। सम्पत्तियों तथा बाह्य देयताओं का विघटन खाते में स्थानान्तरण (रोकड़ को छोड़कर) के पश्चात, निम्न लेनदेन हुए :

(a) फर्म की एक अलिखित देयता ₹ 45,000 का भुगतान नियति ने किया।

(b) लेनदार, जिन्हें ₹ 67,000 का भुगतान करना था ने ₹ 35,000 में फर्नीचर ले लिया तथा उनको शेष का भुगतान नगद किया गया।

(c) कार्तिक ने फर्म को ₹ 18,000 का ऋण दिया था जिसका भुगतान उसे कर दिया गया।

(d) ₹ 85,000 का स्टॉक रतिक ने ₹ 72,000 में ले लिया।

(e) ₹ 6,000 विघटन व्यय थे, जिनका भुगतान कार्तिक ने किया।

(f) विघटन पर ₹ 40,000 की हानि हुई।

उपरोक्त लेनदेनों के लिए फर्म की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। **6**

20. (a) 1 अप्रैल, 2015 को मेफेयर लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 4,000, 9% ऋणपत्रों का निर्गमन 5% के बट्टे पर किया। इन ऋणपत्रों का शोधन 31 मार्च, 2019 को 8% के प्रीमियम पर करना था।

कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार कम्पनी ने आवश्यक न्यूनतम ऋणपत्र शोधन संचय का सृजन किया तथा आवश्यक राशि के ऋणपत्र शोधन निवेशों का क्रय किया।

ऋणपत्रों के शोधन के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।

(b) हीरो लिमिटेड ने पर्ल लिमिटेड से ₹ 18,00,000 की मशीनरी का क्रय किया जिसका भुगतान ₹ 3,00,000 का एक प्रतिज्ञा पत्र तैयार करके तथा शेष ₹ 100 प्रत्येक के 9% ऋणपत्रों को 20% प्रीमियम पर निर्गमित करके किया गया।

उपरोक्त लेनदेनों के लिए हीरो लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। **3+3=6**

**अथवा**



Previous Pathshala

19. Niyati, Kartik and Ratik were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5:3:2. The firm was dissolved on 31st March, 2019 by the order of the court. After transfer of assets (other than cash) and external liabilities to Realization Account, the following transactions took place :

(a) An unrecorded liability of the firm of ₹ 45,000 was paid by Niyati.

(b) Creditors, to whom ₹ 67,000 were due to be paid, accepted furniture at ₹ 35,000 and the balance was paid to them in cash.

(c) Kartik had given a loan of ₹ 18,000 to the firm which was paid to him.

(d) Stock worth ₹ 85,000 was taken over by Ratik at ₹ 72,000.

(e) Expenses on dissolution amounted to ₹ 6,000 and were paid by Kartik.

(f) Loss on dissolution amounted to ₹ 40,000.

Pass the necessary journal entries for the above transactions in the books of the firm. **6**

20. (a) On 1st April, 2015, Mayfair Ltd. issued 4,000 9% debentures of ₹ 100 each at a discount of 5% redeemable at a premium of 8%. The debentures were redeemable on 31st March, 2019.

The company created the necessary minimum amount of debenture redemption reserve and purchased the required amount of debenture redemption investments as per the provisions of Companies Act, 2013.

Pass the necessary journal entries for redemption of debentures.

(b) Hero Ltd. purchased plant and machinery for ₹ 18,00,000 from Pearl Machines Ltd. payable ₹ 3,00,000 by drawing a promissory note and the balance by issue of 9% debentures of ₹ 100 each at a premium of 20%.

Pass the necessary journal entries in the books of Hero Ltd. for the above transactions. **3 + 3 = 6**

**OR**



Previous Pathshala

(a) बीजीपी लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 15,000, 11% ऋणपत्रों का निर्गमन ₹ 50 प्रति अंश के प्रीमियम पर निर्गमन के लिए आवेदन आमंत्रित किए । आवेदन पर सम्पूर्ण राशि का भुगतान किया जाना था । 25,000 ऋणपत्रों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । 5,000 ऋणपत्रों के लिए आवेदनों को रद्द कर दिया गया तथा आवेदन राशि वापिस कर दी गई । शेष आवेदकों को अनुपातिक आधार पर ऋणपत्रों का निर्गमन किया गया ।

उपरोक्त लेनदेनों के लिए बीजीपी लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए ।

(b) 1 अप्रैल, 2018 को अगम लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 40,000, 9% ऋणपत्रों का निर्गमन 10% के बट्टे पर किया । इन ऋणपत्रों का शोधन 10% के प्रीमियम पर करना था ।

यह मानते हुए कि ब्याज का भुगतान अर्धवार्षिक आधार पर 30 सितम्बर तथा 31 मार्च को किया गया तथा स्रोत पर कर कटौती दर 10% थी, 31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए अर्ध वर्ष के लिए ऋणपत्र ब्याज के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ दीजिए । **3 + 3 = 6**

21. प्रीमियर टूल्स लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 2,00,000 समता अंशों को ₹ 2 प्रति अंश के प्रीमियम पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए । राशि का भुगतान निम्न प्रकार से करना था :

आवेदन पर ₹ 5 प्रति अंश (प्रीमियम सहित)

आबंटन पर ₹ 3 प्रति अंश

प्रथम तथा अंतिम याचना पर – शेष

2,50,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । 10,000 अंशों के लिए आवेदनों को रद्द कर दिया गया तथा शेष आवेदकों को अनुपातिक आधार पर अंशों का आबंटन कर दिया गया । आवेदन पर प्राप्त अतिरिक्त राशि का समायोजन आबंटन पर देय राशि में कर लिया गया ।

सभी याचनाएँ माँग ली गईं तथा प्राप्त हो गईं, नवीन को छोड़कर, जिसने 7200 अंशों के लिए आवेदन किया था । आबंटन तथा प्रथम एवं अन्तिम याचना राशि का भुगतान नहीं किया । उसके अंशों का हरण कर लिया गया । हरण किए गए अंशों में से आधे अंशों को ₹ 48,000 में पूर्ण प्रदत्त पुनःनिर्गमित कर दिया गया ।

उपरोक्त लेनदेन के लिए प्रीमियर टूल्स लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । जहाँ आवश्यक हो अदत्त माँग खाता खोलिए । 8

**अथवा**



Previous Pathshala

(a) BGP Ltd. invited applications for issuing 15,000, 11% debentures of ₹ 100 each at a premium of ₹ 50 per debenture. The full amount was payable on application. Applications were received for 25,000 debentures. Applications for 5,000 debentures were rejected and the application money was refunded. Debentures were allotted to the remaining applicants on pro-rata basis.

Pass the necessary journal entries for the above transactions in the books of BGP Ltd.

(b) Agam Ltd. issued 40,000 9% debentures of ₹ 100 each on April 1, 2018 at a discount of 10%, redeemable at a premium of 10%.

Assuming that the interest was paid half yearly on September 30 and March 31 and the tax deducted at source was 10%, give journal entries relating to debenture interest for the half year ended March 31, 2019. **3 + 3 = 6**

21. Premier Tools Ltd. invited applications for issuing 2,00,000 equity shares of ₹ 10 each at a premium of ₹ 2 per share. The amount was payable as follows :

On application - ₹ 5 per share (including premium)

On allotment - ₹ 3 per share

On first & final call – Balance

